भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 805
सोमवार, 28 जुलाई, 2025 (6 श्रावण, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

डीजीसीए में रिक्त पद

805. श्री रामजी लाल सुमन:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में वर्तमान में कितने पद रिक्त हैं;

(ख) तत्संबंधी पद-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पायलट प्रशिक्षण और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान गुणवत्ता में गिरावट पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) डीजीसीए में वर्तमान में कितने पदों पर नौकरशाहों को नियुक्त किया गया है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में स्वीकृत पदों और रिक्तियों का विवरण अनुलग्नक-I में संलग्न है।

(ग) और (घ): नागर विमानन महानिदेशालय ने नागर विमानन अपेक्षाएं जारी की हैं जो अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। सभी पायलटों के लिए ओईएम (विमान विनिर्माता) द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण लेना अपेक्षित है। एयरलाइन को अपने पायलटों के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण का अनुपालन करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, प्रशिक्षण केवल डीजीसीए अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ)/विमानन प्रशिक्षण संगठनों (एटीओ) में ही लिया जा सकता है। नागर विमानन महानिदेशालय अपनी वार्षिक निगरानी योजना (एएसपी) के तहत नियमित निगरानी के माध्यम से एफटीओ की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार विशेष सुरक्षा संपरीक्षाएं और स्पॉट चेक भी किए जाते हैं।
इसके अलावा, डीजीसीए ने रैंकिंग फ्रेमवर्क भी पेश किया है, जिसे डीजीसीए द्वारा अनुमोदित उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) के लिए 1 अक्टूबर 2025 से लागू किया जाएगा। यह पहल भारत में पायलट प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा और दक्षता में सुधार हेतु नागर विमानन महानिदेशालय की निरंतर प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है।

(ङ) नागर विमानन महानिदेशालय में प्रशासनिक और वित्तीय मामलों से संबंधित पदों और उनके सहायक कर्मचारियों को मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति (एसीसी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) आदि के माध्यम से भरा जाता है।

अनुलग्नक 1

समूह	स्वीकृत पद	भरे हुए	रिक्त
समूह क	1123	548	575
समूह ख	161	93	68
समूह ग	360	180	180
कुल	**1644**	**821**	**823**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 और वर्ष 2024 के बीच 426 तकनीकी पदों सहित 441 पद सृजित किए गए हैं।

*****